


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** | संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**

वर्ष : 2 | अंक : 1 — गोंदिया : गुरुवार, 12 से 18 अगस्त 2021 — पृष्ठ : 6 — मूल्य : रु. 5



## संपादकिय

### कठिन थी डगर, मगर...

१५ अगस्त २०२० को बुंलद गोंदिया सफर शुरु हुआ था। जिसे आज ही एक वर्ष पुरा हुआ। इस दौरान, जैसे की आप जानते है कि, देश में ही नहीं, पुरे विश्व में कोरोना महामारी एक समस्या बनी हुई है। इस समस्या से गोंदिया जिला अछुता नहीं रहा। ऐसे में बुंलद गोंदिया का भी सफर बेहद कठिन रहा। विपरित परिस्थिति में जनता की आवाज बने, इस समाचार पत्र ने विभिन्न समस्याएं ही उठाने का  कार्य नहीं किया, बल्कि अनेक मामलों का भी पर्दाफाश कर जनता को न्याय देने का सराहनिय कार्य भी किया। जिले के कई ज्वलंत मुद्दों को बुंलद गोंदिया ने बेहद बेबाकी से उठाकर अग्रणी भुमिका अदा की। इस कठिन दौर में भी हमारे जागरुक पाठकों ने बखुबी साथ दिया। उसी प्रकार विज्ञापनदाताओं ने भी समय-समय पर अपना योगदान देकर हमारा मनोबल बढाने में अपनी विशेष भुमिका अदा की।

बुलंद गोंदिया, विश्वसनीयता और साख बनाने के लिए के प्रतिबंद रहा है। जनता जो खबर पढ़ना चाहती है, वहीं खबरें देने का कार्य बुलंद गोंदिया के माध्यम ने किया। कई ऐसे मामले रहे जिसे नेता, अफसर, माफिया आदि छिपाकर रखना चाहते थे, जिन्हें बुंलद गोंदिया ने उजागर किए। अविश्वास के इस कठिन दौर में नये अखबार की कल्पना, रचना व प्रस्तुति देना बेहद चुनौती भरा कार्य रहा है। आज का पाठक जागरुक है। मोबाइल पर उसे देश व दुनिया की खबरें मिल जाती है। इंटरनेट न्यूज पोर्टल के माध्यम से भी बुंलद गोंदिया अपने पाठकों तक पहुंचने में सफल रहा।

घर परिसर, पड़ोस, गांव, शहर की खबर को मामूली खबर मानकर कई बार अनदेखी की जाती थी। उन खबरों से समझौता किए बिना, सच को परोसा गया। हमारे इस संघर्ष में जागरुक पाठकों ने हमारा साथ दिया।

आज बुंलद गोंदिया दूसरे वर्ष में प्रवेश करने जा रहे है। आगामी समय भी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे समय भी पाठक, विज्ञापनदाता, एजेंट आदि का साथ मिलता रहेगा... इसी अपेक्षा के साथ.....

**– नवीन अग्रवाल**
संपादक, बुलंद गोंदिया

# गोंदिया-भंडारा एफडीए में दलाल का राज

## गोंदिया जिले से प्रतिमाह १० लाख की अवैध वसूली

गोंदिया - फूड एंड ड्रग विभाग, खाद्य व औषधी विभाग पर नियंत्रण व जांच के लिए बनाया गया है। जिनका कार्य मिलावटखोरों व नियमों का उल्लंघन करने वाले दवा विक्रेताओं पर नियंत्रण रखने का है। लेकिन गोंदिया भंडारा जिले में विभाग द्वारा अपना कार्य न कर सिर्फ अवैध वसूली करने में ही मस्त रहता है। जिसके चलते गोंदिया जिले से ही प्रतिमाह करीब १० लाख रुपये की उगाही एफडीए द्वारा की जा रही है।

गौरतलब है कि कोरोना महामारी की दोनों लहर के दौरान जहां समस्त जनता अपने घरों में बैठी थी, वहीं अपनी व अपने परिवार की परवाह किए बिना सिर्फ फार्मासिस्ट व केमिस्ट ही थे, जिन्होंने २४ घंटे सेवा दी। किंतु जब ऐसे कोरोना योद्धाओं को सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मान नहीं दिया जाता, तब फार्मासिस्ट हताश हो जाता है। सम्मान तो दूर इस अवसर का लाभ कुछ अधिकारियों द्वारा उठाते हुए इन्हें लूटने की योजना बनाई जाती है। उनके द्वारा नियुक्त दलालों द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। जो दवाई विक्रेता इन अधिकारियों की जेब गर्म नहीं करता ऐसे फार्मासिस्ट को निरीक्षण के नाम पर या मात्र छोटी-मोटी गलतियों के नाम पर परेशान कर, उनके द्वारा नियुक्त दलालों द्वारा हजारों रुपए की मांग कर प्रताड़ित किया जाता है। महामारी के इस काल के दौरान अपनी सेवा देने वाले उन दवा विक्रेताओं पर क्या बीती है, वह कोरोना योद्धा ही जानता है। किंतु इस प्रकार के भ्रष्ट अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का असर होता दिखाई नहीं देता है। वसूली करने दलाल अपने निजी वाहन वाहन क्रमांक एमएच ३६ एच७४२० से आता है। इसी वाहन से ही अधिकारी रामटेके भंडारा से गोंदिया जिले के दौरे पर आता है। जिससे अधिकारी व दलाल की सांठगांठ व जुगलबंदी साफ सामने आ रही है। प्रतिमाह जिले के सभी थोक व चिल्लर दवा विक्रेताओं से करीब १० लाख रुपए की अवैध उगाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गोंदिया-भंडारा जिले के ३ वर्षों के कार्यकाल के दौरान निरीक्षक रामटेके द्वारा करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति जमा की जा चुकी है। यदि इसकी जांच की जाए तो भ्रष्टाचार का एक बड़े मामले का खुलासा हो सकता है।

### हिम्मत जुटाकर कर रहे शिकायत भुगतना पड़ रहा दंड

गोंदिया-भंडारा फूड एंड ड्रग विभाग में मात्र एक ही निरीक्षक कार्यरत है। जो अपना नियमित कार्य न कर सिर्फ दलालों के माध्यम वसूली का ही कार्य किया जा रहा है। मामुली गलतियों को लेकर लाइसेंस निलंबित करने जैसी कार्यवाही कर दवा विक्रेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। निरीक्षक द्वारा की जा रही इस मनमानी के चलते पहले दवा विक्रेता वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत नहीं कर पाते थे। लेकिन अब हिम्मत जुटाकर शिकायत करना शुरु किया है। जिससे १ वर्ष में ही सैकड़ों शिकायतें वरिष्ठस्तर तक की जा चुकी है। किंतु इसका खामियाजा शिकायतकर्ता को ही कार्यवाही के नाम पर भुगतना पड़ रहा है।

### कोडवर्ड से केसर दलाल करता है वसूली

गोंदिया-भंडारा जिले के ड्रग विभाग में कार्यरत एकमात्र निरीक्षक रामटेके द्वारा कार्रवाई करने के पश्चात अथवा कार्रवाई की धमकी देकर अपने दलाल केसर के माध्यम से कोडवर्ड द्वारा वसूली की करवाई जाती है। जो पूरी तरह फिल्मी तरीके से की जाती है। फिल्म अभिनेता कादर खान एक फिल्म में अपनी वसूली के लिए चाय में शक्कर बतलाता था, ठीक उसी की तर्ज पर केसर द्वारा एक चम्मच शक्कर का मूल्य १० हजार रुपये रखा गया है।

## पालकमंत्री नवाब मलिक १४ व १५ अगस्त को जिले के दौरे पर

गोंदिया जिले के पालकमंत्री नवाब मलिक १४ व १५ अगस्त को गोंदिया जिले के दौरे पर हैं। उनका दौरा कार्यक्रम १४ अगस्त को निजी विमान द्वारा सुबह ११.०० बजे गोंदिया आगमन होगा। दोपहर २.०० बजे जिलाधिकारी व जिला नियोजन अधिकारीयों के साथ चर्चा, २.२० को जिलाधिकारी कार्यालय में ३ नगर पंचायतों को मिले अग्निशमन वाहनों का लोकार्पण, २.३० बजे नागरिक दलित वस्ती सुधार योजना अंतर्गत वर्ष २०२०-२१ व २१-२२ के संदर्भ में जिलास्तरीय सभा, २.५० बजे वन हक्क पट्टे वितरण, ३.०० बजे जिला नियोजन समिति की सभा, ४.३० बजे जिलाधिकारी कार्यालय में पत्रकार परिषद, शाम ५.३० बजे एकोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की इमारत का लोकार्पण व शाम ७.०० बजे गोंदिया विश्रामगृह में आगमन। १५ अगस्त की सुबह ९.०५ पर पुलिस मुख्यालय मैदान कारंजा में स्वतंत्रता दिवस की ७४ वे वर्धापन दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सुबह १०.०० बजे जिलाधिकारी कार्यालय में अन्य अधिकारियों के साथ जिले के महत्वपूर्ण प्रश्नों पर समीक्षा सभा तथा सुबह १०.३० बजे नई प्रशासकीय इमारत में रानभाजी महोत्सव में उपस्थिति व सुबह ११.०० बजे गोंदिया से भंडारा मार्ग होते हुए नागपुर की ओर प्रस्थान करेंगे।












# स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ... एवम् बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगाँठ पर बधाईयाँ...




























रजि.नं.: जीएनडी/

## सोगू भारतीय सहकारी पत संस्था मर्या., आमगांव (तालुका)

पेट्रोल पंप समोर, मेन रोड, आमगांव, जि.गोंदिया (महाराष्ट्र)
संपर्क क्र.: 9766565888

| अध्यक्ष | सचिव | व्यवस्थापक |
|---|---|---|
| सौ.कुंता मनोहर शिवणकर | सौ.रिंकू सुभाष बोहरे | सौ.सरयु मोहन वानखेड़े |

**ऑडिट वर्ग : अ**

**सोमू एमआयएस योजना**
रु. 1 ते 5 लाखापर्यंत : 10 टक्के ब्याज

**मुदती जमा व्याजदर**

| | |
|---|---|
| 3 ते 8 महिने | : 7% |
| 9 ते 2 वर्ष | : 9% |
| 2 ते 3 वर्ष | : 10% |
| 3 वर्षावरील | : 11% |
| दाम दुप्पट | : 7 वर्ष 11 महिने |

**नित्यनिधी तारण कर्ज व्याजदर**
14% (मुदत 1 वर्ष)
**स्वर्ण तारण कर्ज व्याजदर**
15% (मुदत 1 ते 2 वर्ष)
**वैयक्तिक कर्ज व्याजदर**
16% (मुदत 1 ते 5 वर्ष)




## राईस मिलर्स असोसिएशन, गोंदिया

| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|
| अशोक सी. अग्रवाल | महेश अग्रवाल (माया) | किशन खंडेलवाल |

उपाध्यक्ष: हुकुमचंद अग्रवाल, अशोक बैस, नंदकिशोर असाटी (आमगांव)

सहसचिव: अशोक चांडक (अर्जुनी मोर), दिलीप लधानी, अमित अग्रवाल (स्वास्तिक)

**कार्यकारिणी सदस्य**

निरंजन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल (ककोडी), नंदकिशोर अग्रवाल (विकास), सुमित भालोटिया, गोपाल अग्रवाल, प्रताप जायसवाल, सलीमभाई सोलंकी, अशोक बंसल, कृष्णकुमार अग्रवाल (टींगु), दिलीप कारडा, दिनेश सिंघानिया, दिनेश अग्रवाल (गीता), गोपाल कोठारी (आमगांव), रमेश अग्रवाल (विनायक), विजय अग्रवाल (आमगांव), डॉ. अविनाश काशीवार (कोसमतोंडी), दीपक अग्रवाल (आमगांव), रामकृष्ण अग्रवाल, अजय चावड़ा (बघोली), अजय अग्रवाल (आमगांव), प्रकाश अग्रवाल (गिन्नी), दीपक अग्रवाल (देवरी)

**विशेष आमंत्रित**

दामोदर अग्रवाल, गजानन अग्रवाल, राजेंद्र माहेश्वरी, अशोक अग्रवाल (पी.ए.), रविबाबू अग्रवाल, शिवशंकर खंडेलवाल, दिनेश दादरीवाल, हरगुनदास गुरनानी, बृजेश असाटी (आमगांव), अमर चिमनानी, विकास पारेख, नरेश बगड़िया (देवरी), देवेंद्रजी अजमेरा, संजय अग्रवाल, रमेश अग्रवाल (डव्वा), सुनील अग्रवाल, खेमराज देशमुख (डोंगरगांव), जयप्रकाश भट्टड़ (आमगांव), कैलाश खंडेलवाल (आमगांव), हजारीमल अग्रवाल (आमगांव), प्रकाश जायसवाल, रमेश अग्रवाल (आमगांव), हुकुमचंद अग्रवाल (मामा), महेंद्र अग्रवाल, अशीष असाटी (तिरोड़ा), कृष्णा अग्रवाल (दिल्लीवाले), अशोक लधानी, शैलेष जैन (स्वास्तिक) एवं

समस्त सदस्यगण, राईस मिलर्स असोसिएशन, गोंदिया (महाराष्ट्र)

# पूर्व जिलाधिकारी ने ढाई माह से नहीं किया बंगला खाली

## वर्तमान जिलाधिकारी रह रही शासकीय विश्रामगृह में



गोंदिया के पूर्व जिलाधिकारी दीपक मीना का तबादला ३ जून को हुआ था, जिसे ढाई माह बीत चुका है। लेकिन अब तक उन्होंने जिलाधिकारी का शासकीय बंगला खाली नहीं किया है। जिससे वर्तमान जिलाधिकारी नयना गुंडे शासकीय विश्राम गृह में रहने को बाध्य है।

गौरतलब है कि गोंदिया के पूर्व जिलाधिकारी दीपक मीना का तबादला ३ जून को मात्र ९ माह के कार्यकाल में ही हो गया था। लेकिन उनका यह ९ माह का कार्यकाल काफी विवादास्पद व चर्चाओं में रहा है। तबादला हो जाने के बावजूद गत ढाई माह से गोंदिया के जिलाधिकारी का शासकीय बंगला खाली नहीं किया है। जिससे वर्तमान जिलाधिकारी नयना गुंडे शासकीय विश्रामगृह में रहने को बाध्य हो रही है।

**बंगले का विवादास्पद विस्तारीकरण**

गोंदिया के जिलाधिकारी का पदभार संभालते ही पूर्व जिलाधिकारी दीपक मीना को गोंदिया के जिलाधिकारी का शासकीय बंगला काफी छोटा लगने लगा था। उन्होने जिसका विवादास्पद विस्तारीकरण करने का कार्य बिना किसी मंजूरी के शुरु करवाया गया था। बंगले के सामने का चालू मार्ग को बंद कर गार्डन की सीमा बढ़ाने के लिए करीब २०० से ३०० पेड़ों की बलि चढ़ाते हुए नया रोड का निर्माण किया गया। जिसमें करीब १ करोड़ रुपए की निधि खर्च की गई। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार कोरोना काल के दौरान किसी भी प्रकार की अनावश्यक खर्चों पर प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन जिलाधिकारी के पद का लाभ उठाते हुए बिना किसी टेंडर प्रक्रिया व शासकीय मंजूरी के विस्तारीकरण का कार्य करवाया गया था। लेकिन वे अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए तथा विस्तारीकृत बंगले का पूरी तरह से सुख नहीं ले पाए। शायद इसका ही मलाल उन्हें था, जिसके चलते तबादला हो जाने के बावजूद ढाई महीने से बंगला खाली नही किया। लगता है जैसे बंगले का मोह उनसे अभी तक छूटा नहीं है।

**विस्तारीकरण का मामला पहुंचा मंत्रालय, मामले की जांच शुरु**

पूर्व जिलाधिकारी दीपक मीना द्वारा बिना किसी मंजूरी के बंगले का विस्तारीकरण व विभिन्न दुर्लभ प्रजातियों के पौधों की कटाई विस्तारीकरण के लिए किए जाने के चलते इसकी शिकायत मंत्रालय व मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंच चुकी है, जिसकी जांच भी की जा रही है।

# विद्यार्थियों के बिना स्वतंत्रा दिवस पर होंगा शालाओं में झंडा वंदन



गोंदिया - कोरोना संक्रमण के चलते स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की सभी शासकीय व निजी **शालाओं** में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति में झंडा **वंदन** किया जाएगा। गौरतलब है कि कोरोना की महामारी के चलते गत वर्ष जिले की शालाओं में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा वंदन नहीं हो पाया था। लेकिन इस वर्ष वर्तमान स्थिति में संक्रमण काफी हद तक नियंत्रण में आने के चलते जिला अधिकारी के आदेशानुसार गोंदिया जिले की **जिला परिषद व नगर** परिषद के अंतर्गत आने वाली शासकीय, अर्ध **शासकीय तथा निजी** शालाओं में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति में झंडा **वंदन किए जाने का** आदेश दिया गया है। झंडा वंदन प्राथमिक व **माध्यमिक स्कूलों में** सुबह ८.३५ के पूर्व अथवा ९.३५ के पश्चात मर्यादित शिक्षकों व कर्मचारियों जिसमें सिर्फ पांच कर्मचारी की उपस्थिति में झंडा वंदन किया जाएगा। जिसके लिए माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षण अधिकारी द्वारा जिले की सभी स्कूलों को आदेश दिया गया है।

**ऑनलाइन प्रतियोगिता**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती थी। लेकिन इस वर्ष सभी प्रतियोगिता ऑनलाइन पद्धति से किए जाने का भी आदेश दिया गया है।

# नगर परिषद शालाओं के विद्यार्थियों को शिक्षक दे रहे घर-घर जाकर शिक्षा




**गोंदिया** – कोरोना संक्रमण के चलते स्कूलें बंद है। इस दौरान शासन के दिशा निर्देशानुसार ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है। लेकिन नगर परिषद शालाओं के अंतर्गत पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पास ऑनलाइन की सुविधा नहीं होने के चलते वे शिक्षा से वंचित ना रहे इसके लिए मुख्याधिकारी करण चौहान द्वारा सभी शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि विद्यार्थियों के घर जाकर उनकी पढ़ाई करवाई जाए। जिससे अब नप स्कूल के शिक्षक विद्यार्थियों के घरों में प्रतिदिन पहुंचकर शिक्षा का पाठ पढ़ा रहे हैं।

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण के चलते प्राथमिक स्कूलें शासन के दिशा निर्देशानुसार अभी बंद है तथा ऑनलाइन शिक्षा शुरु है। लेकिन नगर परिषद की शालाओं में पढ़ने वाले मध्यमवर्गीय व गरीब परिवार के बच्चों के पास ऑनलाइन की सुविधा व एंड्राइड मोबाइल नहीं होने से वे शिक्षा से वंचित हो रहे थे। इस गंभीर समस्या को देखते हुए मुख्याधिकारी करण चौहान द्वारा प्राथमिक शिक्षकों की सभा आयोजित



कर कक्षा पहली से सातवीं तक के विद्यार्थियों के घरों में पहुंचकर शिक्षकों द्वारा पढ़ाई करवाने का आदेश दिया। जिसके अंतर्गत नगर परिषद स्कूल के शिक्षक विद्यार्थियों के घरों में पहुंचकर आसपास के विद्यार्थियों को जमा कर प्रतिदिन शिक्षा दे रहे हैं। जिससे अब वे शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे।

**व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रतिदिन आ रही फोटो**

शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के घरों में पहुंचकर उन्हें शिक्षा दी जा रही या नहीं, इसके लिए मुख्याधिकारी द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप तैयार कर प्रतिदिन सभी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने की फोटो डालना अनिवार्य है। जिसमें गुगल ट्रैकिंग के माध्यम से प्रतिदिन की तारीख व समय फोटो में आने से कोई भी शिक्षक इस कार्य में कोताही नहीं कर सकता।

**नप शालाओं का स्तर सुधारने कड़े निर्देश**

गोंदिया नगर परिषद द्वारा संचालित शालाओं में इसके पूर्व हजारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते थे। शालाओं का परिणाम भी उत्कृष्ट रहता था। लेकिन समय के अनुसार विद्यार्थियों की कमी व शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आने के चलते विद्यार्थी नगर परिषद की शालाओं में दाखिला नहीं लेते, जिससे इन शालाओं का महत्व कम होने लगा था। लेकिन अब मुख्याधिकारी करण चौहान द्वारा इस संदर्भ में सभी शिक्षकों को कड़ा निर्देश देते हुए स्कूलों की व्यवस्था व दशा को सुधारने के लिए प्राथमिक शिक्षकों की प्रतिमाह सभा आयोजित कर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने, नियमित शिक्षकों की उपस्थिति, ऑनलाइन क्लासेस, विद्यार्थियों को घर में पढ़ने तथा प्रतिमाह प्रगति का अहवाल पेश करने तथा नगर परिषद शालाओं की छवि का बेहतर बनाने का कार्य शुरु किया गया है। इसके अलावा जो शालाएं जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है, जिसमें मनोहर म्युनिसिपल स्कूल गोविंदपुर,




इंजीनसेड स्कूल, मालवीय स्कूल की इमारतों का सुधार कार्य व नई इमारत के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी जा रही है। भविष्य में फिर से नगर परिषद की शालाएं अपना गौरवशाली इतिहास दोहरा सके, इसका प्रयास किया जा रहा है।


## स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ... एवम् बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगाँठ पर बधाईयाँ...
























# स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ... एवम् बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगाँठ पर बधाईयाँ...


































## गोंदिया जिला प्राथमिक शिक्षक सहकारी पत संस्था मर्या. गोंदिया

र.नं.: ०१

**अध्यक्ष : श्री विरेंद्रकुमार अ.कटरे**

| | | |
|---|---|---|
| श्री शंकरलाल ग.नागपुरे<br>उपाध्यक्ष | श्री शंकर झा.चव्हाण<br>संचालक पं.स.गोरेगांव | कु.सुमेधा गजभिये<br>संचालक पं.स.तिरोड़ा |
| श्री नागसेन न.भालेराव<br>शाखाध्यक्ष, गोंदिया | श्री किशोर बा.डोंगरवार<br>संचालक सडक अर्जुनी | श्री संदीप ई.तिड़के<br>संचालक पं.स.देवरी |
| श्री योगेश्वर श्रा.मुंगुलमारे<br>शाखाध्यक्ष, कोहमारा | श्री पवनकुमार प्र.कोहळे<br>संचालक पं.स.अर्जुनी मोर. | श्री नीलकंठ भै.बिसेन<br>संचालक पं.स.आमगांव |
| कु.आमेश्वरी भो.बिसेन<br>शाखाध्यक्ष, आमगांव | श्री प्रदीप ढु.रंगारी<br>संचालक पं.स.तिरोड़ा | श्री सुरेश या.वासनिक<br>व्यवस्थापक |

तसेच संस्थेचे लेखापाल, सहाय्यक लेखापाल, अर्त.तपासणी, सर्व शाखा–व्यवस्थापक व समस्त कर्मचारीवृंद...

**संस्थेची वैशिष्टे :** १. संस्थेचे संपुर्ण कामकाज संगणीकृत २. नियमित कर्ज मर्यादा १५,००,००० रु. ३. वस्तुरुप कर्ज (१५ लक्ष रु. ख मर्यदित) ४. आकस्मीक कर्ज ५०,००० रु (१५ लाखाच्या मर्यादित) ५. ठेवतारण कर्ज, ठेवीच्या ८० टक्के ६. संस्थेचा मृत सभासदांना वेळीच २५,००० रु सभासद कल्याण निधीची मदत ७. साने गुरुजी दाम दुप्पट योजना ८. सुरक्षा फंड योजने अंतर्गत मृत सभासदांचे वेळीच ७ लक्ष रु. ठरावीक कर्ज माफीची योजना ९. सभासदांना अतिरिक्त ठेव/जिवनसाफल्स ठेव कपात करण्याची संधी व त्यावर आकर्षक ब्याज दर.



## डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जन आरोग्य योजना

डॉ.बाबासाहेब जन आरोग्य योजना च्या मार्फत आपण सर्वांना 25 टक्के तर बीपीएल धारक, माजी सैनिक, अपंगत्व व विधवांना हॉस्पिटल बीलामध्ये 50 टक्के सुट देण्यात येईल.

नोट : पहिल्यांदा आलेल्या 100 पेशंट ला 25 टक्के व 50 टक्के सुट.
100 पेशेंटच्या नंतर आलेल्यांना 20 टक्के व 25 टक्के सुट.

## मीरावंत हॉस्पीटल

9923941268
7057104584
8806843963

### डॉ.राजेन्द्र वाय. वैद्य

M.B.B.S., MD. (Medicine)
सलाहकार चिकित्सक (हृदयरोग व मधुमेह रोग)

रिंग रोड, बस स्टॉप के पास, कुड़वा नाका, गोंदिया - ४४१६१४

स्वतंत्रता दिवस की 75वी वर्षगांठ एवम् बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगांठ पर

## हार्दिक शुभकामनाएँ





**हेमंत हिरापुरे** गवर्मेंट कॉन्ट्रेक्टर, गोंदिया

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 75वी वर्षगांठ पर शुभकामनाएँ
एवम् बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगांठ पर हार्दिक बधाईयाँ

## बजरंग सेना

शाखा गोंदिया जिला



रणवीर पटैरीया
संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रविन्द्र मिश्रा<br>विदर्भ प्रदेश प्रभारी | मुकेश मिश्रा<br>जिलाध्यक्ष | रिना ठाकरे<br>महिला मोर्चा<br>जिलाध्यक्ष | प्रकाश कनोजिया<br>शहर अध्यक्ष | प्रताप बैस<br>शहर अध्यक्ष | रुपेश पांडे<br>जिला संगठन<br>सचिव | सोनु चौहान<br>शहर सुरक्षा<br>प्रभारी |
| अजीत ग्रावकर<br>गौरंक्षण प्रमुख | सारिका कलहंस<br>महिला मोर्चा<br>सचिव | बबली ग्रावकर<br>महिला मोर्चा<br>सचिव | नीतु यादव<br>शहर संगठन<br>सचिव | बरखा चौहान<br>कार्यकारिणी सदस्य | प्रतिमा वंजारी<br>कार्यकारिणी सदस्य | मनीषा डोंगरे<br>सक्रिय कार्यकर्ता |



स्वतंत्रता दिवस की 75वी वर्षगांठ
एवम्
बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगांठ पर

## हार्दिक शुभकामनाएँ

हमारे लाडले भाई
को जन्मदिवस पर

## बधाईयाँ



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशाल ठाकुर | विशाल साहु | पंकज मिश्रा | दीपक सिक्का | मुकेश पाचे | योगेश खत्री | मुकेश वतवानी |



## लोकेश (कल्लु) यादव

नगर सेवक
अध्यक्ष : जय श्री महाकाल सेवा समिति, गोंदिया


स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।